भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.1447**

बुधवार, 12 मार्च, 2025 (21 फाल्गुन, 1946 (शक) को उत्तरार्थ

## देश में बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियां

1447 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डीः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड ने देश में 56,000 नई बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियां स्थापित करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश में कितनी डेयरी सहकारी समितियां स्थापित की जाएंगी; और

(ग) क्या यह भी सच है कि आंध्र प्रदेश देश के सबसे बड़े दूध उत्पादक राज्यों में से एक है और पिछले कुछ वर्षों में इसने अपने उत्पादन को बढ़ाया है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

**(क) से (ख):** सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी नेतृत्व वाली "श्वेत क्रांति 2.0" का शुभारंभ करने के लिए एक पहल शुरू की है जिसका उद्देश्य सहकारी कवरेज, रोजगार सृजन और महिला सशक्तीकरण का विस्तार करना है। इसका उद्देश्य "अगले पांच वर्षों में डेयरी सहकारी समितियों के दुग्ध प्रापण को वर्तमान स्तर से 50% तक बढ़ाना है, ताकि अनाच्छादित क्षेत्रों में डेयरी किसानों को बाजार तक पहुंच प्रदान की जा सके और संगठित क्षेत्र में डेयरी सहकारी समितियों की हिस्सेदारी को बढ़ाया जा सके।

श्वेत क्रांति 2.0 के तहत परिकल्पित कार्य योजना के अनुसार, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) को अगले पांच वर्षों यानी 2028-29 तक आंध्र प्रदेश में 6,702 डेयरी सहकारी समितियों सहित देश भर में 56,586 नई डेयरी सहकारी समितियों (DCS) की स्थापना के समन्वय का कार्य सौंपा गया है ।

**(ग):** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान आंध्र प्रदेश में अनुमानित दुग्ध उत्पादन 13,994.40 हजार टन था । उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक राज्य है, जबकि आंध्र प्रदेश देश के शीर्ष 10 दुग्ध उत्पादक राज्यों में से एक है। आंध्र प्रदेश देश के दुग्ध उत्पादन में लगभग 6% का योगदान दे रहा है।

*****